nium and Articles thereof during the last years is as follows:—

Description	1992-93		1993-94		1994-95 (April—Sep. 1994)	
	Qty. (Tonnes)	Value (Rs. in lakhs)	Qty. (Tonnes)	Value (Rs. in lakhs)	Qty. (Tonnes)	Value (Rs. in lakhs)
1. Titanium and Titanium base alloys, unwrought	56	149.80	41	91.76	87	122.52
2. Waste and scrap of titanium and titamium alloys (incl.Powders).	53	146.11	38	57.46	—	—
3. Articles of titanium	148	974.24	86	601.62	78	405.07

(c) Rutile is used by the Paint Industry, the Plastic Industry and the Paper Industry while Anatase is used by the Rubber Industry.

(d) The import of Rutile and Anatase is under Open General Licence as per the current Import - Export Policy, 1992—97.

बिहार में दरभंगा में उद्योगों की स्थापना

3906. श्री राम गोपाल यादव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार के दरभंगा जिले में कोई नया भारी उद्योग लगाने और चीनी मिल स्थापित करने का विचार रखती है,

(ख) यदि हां, तो कब तक,; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही): (क) से (ग) जिला दरभंगा, बिहार में कोई नया भारी उद्योग अथवा चीनी मिल की स्थापना के लिए केन्द्रीय अथवा राज्य सार्वजनिक क्षेत्र यूनिट औद्योगिक विकास निगम (भों) से प्राप्त कोई आवेदन लंबित नहीं पड़ा है। नयी औद्योगिक नीति के तहत संबंधित राज्य सरकार को ही उद्यमियों को राज्य/जिले की ओर आकर्षित करने के लिए आधारभूत तथा अन्य सुविधाएं मुहैया करने होते हैं।

लघु और कुटीर उद्योगों पर औद्योगिक नीति का प्रभाव

3907. श्री अनन्तराव देवसंकर दवे :
श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :
श्री जयन्त राय :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर लघु और कुटीर उद्योगों पर नई औद्योगिक नीति के प्रभाव का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसका परिणाम क्या निकला;

(ग) क्या नई औद्योगिक और आर्थिक नीति के लागू होने के बाद से इन उद्योगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है, ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन उद्योगों के संरक्षण हेतु कौन-कौन से उपचारात्मक उपाय किये जाने का विचार है ?